जल निगम-एलसीसी की सांठ-गांठ की पीएचई मंत्री से हुई शिकायत

जनपद सदस्य ने पीएचई मंत्री से जल जीवन मिशन के संविदा निविदा अनुबंध के मापदंडों के विपरीत गुणवत्ता विहीन कार्यों की लिखित में की शिकायत

नवभारत न्यूज

सीधी 3 मई। जल निगम-एलसीसी के सांठ-गांठ की पीएचई मंत्री से शिकायत हुई। जनपद सदस्य ने पीएचई मंत्री से जल जीवन मिशन सीधी में

संविदाकार द्वारा निविदा अनुबंध के मापदंडों के विपरीत गुणवत्ता विहीन कार्यों की लिखित में शिकायत की।

प्रदेश की लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री श्रीमती सम्पतियां उइके से लिखित शिकायत में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन जिला सीधी की कृषि स्थाई समिति सभापति सीमा पाण्डेय ने कहा है कि महाप्रबंधक जल निगम मर्यादित सीधी के संरक्षण में संविदाकार मेसर्स एलसीसी कम्पनी प्रा.लि. द्वारा निविदा अनुबंध के मापदंड के विपरीत गुणवत्ताविहीन एवं अन्य विभागों के अनुमति के बिना किये जा रहे कार्यों के जांच कराके कार्यवाई सुनिश्चित की जाय। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन अंतर्गत हर घर नल, हर घर जल योजना में महाप्रबंधक जल निगम मर्यादित जिला सीधी के संरक्षण में संविदाकार मेसर्स एलसीसी कम्पनी प्रा.लि. द्वारा निर्धारित मापदण्डों की अनदेखी कर गुणवत्ताविहीन कार्य कर व्यापक पैमाने पर भ्रष्टाचार किया जा रहा है। जिसकी लगातार शिकायत होने के बावजूद संविदाकार के खिलाफ कोई जांच एवं कार्यवाई नहीं की जा रही है।

दरअसल जल निगम के महाप्रबंधक आरंभ से ही संविदाकार एलसीसी कम्पनी काके मनमानी की पूरी छूट दिये हुये हैं, उनके पास विभिन्न विभागों की शिकायतें भी लिखित रूप से आ चुकी हैं फिर भी कोई कार्यवाई नहीं हो रही है।

निष्पक्ष जांच हुई तो निकलेगा करोड़ों का भ्रष्टाचार

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री को सौंपे गये पत्र में कहा गया है कि यदि संविदाकार मेसर्स एलसीसी कम्पनी प्रा.लि. द्वारा किये जा रहे कार्यों की मौके पर सक्षम टीम से जांच कराई जाय तो करोड़ों का भ्रष्टाचार उजागर होगा। संविदाकार द्वारा निविदा अनुबंध के मापदंड के विपरीत गुणवत्ताविहीन कार्य आरंभ से किये जा रहे हैं। मशीनों से आनन-फानन में कराये जा रहे कार्यों से सड़क, नहर, पर्यावरण को भारी क्षति पहुंचाई जा रही है।

शिकायत में महाप्रबंधक को हटाने की मांग

शिकायत में जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की कृषि स्थाई समिति सभापति सीमा पाण्डेय द्वारा कहा गया है कि सक्षम जांच कराने से पूर्व जल निगम सीधी के महाप्रबंधक को हटाया जाय। संविदाकार की मनमानी की स्थानीय पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा महाप्रबंधक से लिखित शिकायत किये जाने के बावजूद जांच तक कोई जांच एवं कार्यवाही नहीं की गई। यहां तक संविदाकार की मनमानियों पर पूरी तरह से पर्दा डाला जा रहा है जिससे भ्रष्टाचार जारी है।

उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई तो होगा जन आंदोलन : सीमा

जनपद पंचायत रामपुर नैकिन की कृषि स्थाई समिति सभापति सीमा पाण्डेय ने पीएचई मंत्री को सौंपे गये शिकायती पत्र में कहा गया है कि जल निगम सीधी के भ्रष्ट महाप्रबंधक को सीधी से तत्काल हटाकर संविदाकार मेसर्स एलसीसी कम्पनी द्वारा निविदा अनुबंध के मापदण्ड के विपरीत गुणवत्ताविहीन कार्यों एवं अन्य विभागों के अनुमति बिना कार्यों की उच्च स्तरीय जांच कराके ठोक कार्यवाई की जाय। यदि 15 दिवस में जांच कर समुचित कार्यवाई नहीं होती है तो मजबूरन जनता को जन आंदोलन करना पड़ेगा।

कृषि भूमि के अधिनियम 2012 का हुआ उल्लंघन

संविदाकार द्वारा काफी दबंगई के साथ किसानों की कृषि भूमि में म.प्र. भूमिगत पाइप लाइन, केबल एवं डक्ट (भूमि की उपयोक्ता के अधिकारों का अर्जन) अधिनियम, 2012 का उल्लंघन कर मनमानी तरीके से पाइप लाइन बिछाने के साथ ग्राम पंचायत सहित एमपीआरडीसी, जल संसाधन, पीडब्ल्यूडी, म.प्र. जल विद्युत परियोजना बाणसागर की बिना अनुमति एवं अनापत्ति प्रमाण पत्र के अतिक्रमण कर सड़क, नहर क्षतिग्रस्त करते हुये मनमानीपूर्वक कार्य किया गया और किया जा रहा है। जिससे स्थानीय किसानों एवं आम जनता को नुकसान के साथ क्षतिग्रस्त सड़कों से दुर्घटनाएं हो रही हैं।

महाप्रबंधक का नहीं उठाते फोन...

जल निगम मर्यादित सीधी को महाप्रबंधक नीरव अग्रवाल से यदि शिकायतों के संबंध में जानकारी लेने के लिये मीडिया द्वारा फोन किया जाता है तो फोन नहीं उठाया जाता। ऐसे में स्पष्ट है कि वे संविदाकार एलसीसी कम्पनी के विरूद्ध शिकायत एवं जानकारी देने की जरूरत नहीं समझते।

हितग्राही मूलक योजना में शिकायत मिली तो नहीं बर्दाश्त होगी लापरवाही : राजीव

नवभारत न्यूज

रामपुर नैकिन 3 मई। जनपद पंचायत रामपुर नैकिन सीईओ राजीव तिवारी द्वारा जनपद सभागार में सरपंच, सचिव, उपयंत्री, ग्राम रोजगार सहायक व श्रम विभाग के पदाधिकारी के साथ कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उपस्थित सभी ग्रामीण विकास विभाग के प्रगतिरत कार्यों की समीक्षा की गई।

जल संवर्धन से संबंधित सभी कार्य समय पर पूर्ण करने के निर्देश सीईओ राजीव तिवारी द्वारा दिए गए। समग्र मनरेगा के ई केवाईसी में पिछड़े ग्राम पंचायत को जल्द से जल्द रैंकिंग में जिले और प्रदेश में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सभी के सहयोग के साथ पूरा करने के निर्देशित किए। ग्राम पंचायत में चल रहे सभी निर्माण कार्यों के संबंध में भी समीक्षा किए। जनपद सीईओ द्वारा निर्देश दिए किए गए कि निर्माण कार्य जो भी पुराने चल रहे हैं वह जल्द से जल्द पूर्ण किया जाए अन्यथा ई केवाईसी में पीछे चल रही ग्राम पंचायत के खिलाफ भी जल्द से जल्द कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी। उनके खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी जो पंचायती केवाईसी में काम नहीं कर रहे हैं और वर्षों से निर्माण कार्य भी उनके अधूरे हैं। ग्राम पंचायत के पदाधिकारी समय पर हितग्राही मूलक योजना जैसे खाद्यान्न, पेंशन, समग्र में किसी भी प्रकार की शिकायत मिली तो बर्दाश्त नहीं की जाएगी। हर पात्र व्यक्ति को सरकार की योजना की जानकारी दी जाए। हर पात्र व्यक्ति को योजना का लाभ दिया जाए इसके लिए पंचायत के कर्मचारी ध्यान दें। इस समय कलेक्टर का दौरा कार्यक्रम चल रहा है। उनके क्षेत्र भ्रमण के दौरान किसी भी कर्मचारी के खिलाफ अगर शिकायत मिली तो कार्यवाही निश्चित है। लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता से मिले फीडबैक के आधार पर ही उनके खिलाफ कार्यवाही तय होगी। सभी कर्मचारी ध्यान दें ग्राम पंचायत समय पर खुले और स्वच्छता एवं जल संवर्धन में विशेष ध्यान देकर ग्राम पंचायत का कार्य करें। सीईओ ने कहा कि जो पंचायत उत्कृष्ट कार्य करेंगी उन्हें जिला और प्रदेश स्तर से प्रोत्साहित किया जाएगा।

बैठक में इनकी रही उपस्थिति

बैठक में श्रम पदाधिकारी के साथ पंचायत विभाग के खण्ड पंचायत अधिकारी पशुपतिनाथ द्विवेदी, लेखाधिकारी संतोष मिश्रा, पीसीओ ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी, देवेन्द्र पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, परमसुख पनाड़िया, सुजीत शुक्ला, सरपंच संघ के अध्यक्ष रजनी आशीष तिवारी, सरपंच झगरी, सरपंच गुजरेड, सरपंच चोभरा दिग्विजय सिंह, सरपंच अगडाल, सरपंच गौरदाह, सरपंच बोकरो, सरपंच पेपखरा, सरपंच सतोहरी, सरपंच पोड़ी, सरपंच हनुमानगढ़, सरपंच पोस्ता समेत पंचायत सचिव, उपयंत्री व रोजगार सहायक उपस्थित रहे।

स्वच्छता व अतिक्रमण हटाओ अभियान, 6 व्यापारियों पर जुर्माना

नवभारत न्यूज

सीधी 3 मई। नगर में स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और अतिक्रमण पर नियंत्रण के उद्देश्य से शनिवार 2 मई को डिप्टी कलेक्टर एवं प्रभारी सीएमओ सुश्री प्रिया पाठक के नेतृत्व में नगर पालिका की सफाई एवं अतिक्रमण टीम द्वारा संयुक्त विशेष अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान गोल मार्केट क्षेत्र में दुकानदारों को अपने प्रतिष्ठानों के सामने अनिवार्य रूप से डस्टबिन रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही उन्हें समझाइश दी गई कि कचरा केवल नगर पालिका की निर्धारित कचरा गाड़ी में ही डालें, ताकि क्षेत्र में स्वच्छता बनी रहे। इसी क्रम में कलेक्ट्रेट चौक से अस्पताल चौराहा तक सड़क किनारे बने फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। फुटपाथ पर रखे गए ढेले एवं अन्य अवरोध हटवाए गए, जिससे राहगीरों को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके। कार्रवाई के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए कुल 6 व्यापारियों पर 1200 रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। व्यापारियों को स्वच्छता एवं अतिक्रमण संबंधी नियमों का पालन करने के निर्देश दिए गए। नगर पालिका ने नागरिकों एवं व्यापारियों से अपील की है कि वे शहर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें और अतिक्रमण से बचें।

अवैध उत्खनन व परिवहन पर कार्रवाई तेज, 3 वाहन जब्त

नवभारत न्यूज

सीधी 3 मई। कलेक्टर तथा पुलिस अधीक्षक के निर्देशन एवं जिला खनिज अधिकारी कपिलमुनि शुक्ला के मार्गदर्शन में जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण पर लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में खनिज-पुलिस संयुक्त दल द्वारा गोपदबनास एवं बहरी तहसील अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों में 2 एवं 3 मई को दिन और रात्रि में सघन जांच अभियान चलाया गया।

अभियान के दौरान रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त तीन वाहनों को जब्त किया गया। ग्राम पिपरोहर तहसील गोपदबनास से एक बिना नंबर डंपर (चेसिस क्रमांक एमएटी505243जे8डी09120) को रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त पाए जाने पर जब्त कर थाना कोतवाली सीधी की अभिरक्षा में सौंपा गया। वहीं ग्राम डोल, तहसील बहरी स्थित गोपद नदी घाट पर अवैध उत्खनन करते हुए एक बिना नंबर स्वराज ट्रैक्टर (चेसिस क्रमांक डब्ल्यूव्हीटीके35625095858) पकड़ा गया। कार्रवाई के दौरान चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया। वाहन को जब्त कर थाना बहरी में सुरक्षित खड़ा कराया गया।

इसी क्षेत्र में एक अन्य डंपर (क्रमांक यूपी64टी2380) को जांच के लिए रोकने का प्रयास किया गया, लेकिन चालक रेत खाली कर वाहन छोड़कर भाग गया। उक्त वाहन को भी जब्त कर थाना बहरी की अभिरक्षा में रखा गया है।

संबंधित वाहन चालकों एवं स्वामियों के विरुद्ध म.प्र. खनिज (अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण) नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर कलेक्टर के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। साथ ही बिना नंबर वाहनों के उपयोग पर मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई हेतु जिला परिवहन अधिकारी को भी पत्र भेजा जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि जिले में अवैध खनन किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। खनिज विभाग द्वारा लगातार निगरानी रखी जा रही है और जहां भी अवैध गतिविधियां पाई जाएंगी, वहां कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

सेमरिहा में शुरू होगा प्रसंस्करण केन्द्र

सीधी 3 मई। विकासखंड मझौली के ग्राम सेमरिहा में महिलाओं की आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल के तहत कटहल प्रसंस्करण केन्द्र की स्थापना का कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। रविवार को केन्द्र के लिए आवश्यक मशीनें पहुंच गई, जिससे उत्पादक समूह की महिलाओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला। यह प्रसंस्करण केन्द्र म.प्र. राज्य आजीविका मिशन, जिला पंचायत सीधी एवं इंस्टीट्यूट ऑफ लाइवलीहुड रिसर्च एंड ट्रेनिंग के संयुक्त सहयोग से लैंडस्केप पुनर्वहाली, मूल श्रृंखला एवं बाजार विकास प्रणाली परियोजना के अंतर्गत संचालित किया जाएगा।

गणेश स्कूल के समर कैम्प में दिखाई गई प्रेरणादायक फिल्म आई एम कलाम

नवभारत न्यूज

सीधी 3 मई। स्थानीय गणेश स्कूल पडरा में चल रहे 15 दिवसीय समर कैम्प के तीसरे दिन रविवार को छात्रों के लिए एक विशेष मूवी डे आयोजित किया गया, जिसमें वर्ष 2011 की चर्चित एवं प्रेरणादायक फिल्म आई एम कलाम का प्रदर्शन किया गया।

यह फिल्म भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.ए.पी.जे.अब्दुल कलाम के जीवन से प्रेरित है जो बच्चों को बड़े सपने देखने और उन्हें साकार करने के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देती है। फिल्म में एक साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले बच्चे की संघर्षपूर्ण कहानी को दर्शाया गया है जो विपरीत परिस्थितियों के बावजूद शिक्षा के प्रति अपनी लगन और मेहनत के बल पर आगे बढ़ने का संकल्प लेता है। मूवी प्रदर्शन के दौरान छात्र-छात्राओं ने पूरे उत्साह एवं एकाग्रता के साथ फिल्म का आनंद लिया। इस दौरान बच्चों को पॉपकॉर्न भी वितरित किया गया, जिससे माहौल और अधिक उत्साहपूर्ण एवं आनंददायक बन गया। फिल्म के प्रेरणादायक प्रसंगों ने विद्यार्थियों को गहराई से प्रभावित किया और उनके भीतर नई ऊर्जा का संचार किया। प्राचार्य डॉ.महेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया कि समर कैम्प का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मकता, आत्मविश्वास एवं नैतिक मूल्यों का विकास करना है। उन्होंने कहा कि मूवी डे जैसी गतिविधियां बच्चों को मनोरंजन के साथ.साथ जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा भी देती हैं। इस अवसर पर समर कैम्प के प्रशिक्षक अवतार कृष्ण, राजकपूर चितेरा, संदीप पटेल, माखनलाल मिश्र, डी.के. खरे, अंकिता सेन, अंकुर मिश्र, सुजीत दीक्षित, नाजिया बानो, प्रियंका सिंह एवं सचित त्रिपाठी उपस्थित रहे और उन्होंने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन किया।

आरटीई के तहत नि:शुल्क प्रवेश का द्वितीय चरण आज से होगा शुरू, दिशा-निर्देश जारी

नवभारत न्यूज

सीधी 3 मई। शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नि:शुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी विद्यालयों में प्रवेश की द्वितीय चरण की प्रक्रिया 4 मई से प्रारंभ होगी। राज्य शिक्षा केन्द्र द्वारा इस संबंध में सभी जिलों के कलेक्टर एवं जिला परियोजना समन्वयकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि कमजोर वर्ग एवं वंचित समूह के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आरटीई की धारा 12(1)(ग) के अंतर्गत अशासकीय, गैर-अनुदान प्राप्त निजी विद्यालयों में नि:शुल्क प्रवेश दिया जाता है। प्रदेश में प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। जिन विद्यालयों में सीटें रिक्त रह गई हैं उन्हें द्वितीय चरण के लिए पोर्टल पर प्रदर्शित किया गया है। राज्य शिक्षा केन्द्र के संचालक हरजिंदर सिंह ने बताया कि द्वितीय चरण में कोई नया पंजीयन नहीं किया जाएगा। केवल वे ही आवेदक शामिल होंगे जिन्होंने प्रथम चरण में आवेदन किया था। जिन अभिभावकों के बच्चों का दस्तावेज सत्यापन पूर्व में नहीं हो सका था, उन्हें पुन: अवसर दिया गया है। ऐसे आवेदक अपने चयनित जनशिक्षा केन्द्र पर जाकर सत्यापन करा सकते हैं। पात्र पाए जाने पर वे द्वितीय चरण में विद्यालयों की चॉइस अपडेट कर सकेंगे। सत्यापन प्रक्रिया को व्यवस्थित बनाने के लिए प्रत्येक जनशिक्षा केन्द्र पर अधिकतम दो अधिकारियों की तैनाती की जाएगी तथा जनशिक्षकों की भी सहायता ली जाएगी। द्वितीय चरण में वे आवेदक भी शामिल हो सकेंगे, जिन्हें प्रथम चरण में विद्यालय आवंटित नहीं हुआ था या जिन्होंने आवंटन के बावजूद प्रवेश नहीं लिया। ऐसे सभी पात्र अभिभावक अपनी पसंद के अनुसार विद्यालयों की चॉइस पुन: अपडेट कर सकेंगे। द्वितीय चरण की समय-सारिणी के अनुसार 4 से 9 मई तक दस्तावेज सत्यापन, 11 से 16 मई तक विद्यालयों की चॉइस अपडेट, 20 मई को ऑनलाइन लॉटरी तथा 20 मई से 10 जून तक विद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया पूर्ण की जाएगी।

सैनिक सम्मान के साथ हुआ पुलिसकर्मी का अंतिम संस्कार

नवभारत न्यूज

चुरहट 3 मई। ड्यूटी के दौरान मृत्यु होने पर पुलिसकर्मी नंदलाल पटेल का शव आज उनके गृह ग्राम मिसिरगवां लाया गया, जहां सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

दरअसल नंदलाल पटेल 24 साल सेना में सेवा देने के पश्चात वर्ष 2011 में सेवानिवृत्त हुये थे। वर्ष 2012 में म.प्र. पुलिस विभाग में उनका चयन होने के पश्चात वह पुलिस लाइन रीवा में पदस्थ थे। वहां से उनकी ड्यूटी सिविल कोर्ट रीवा में लगी हुई थी यहां मुंशी की ड्यूटी कर रहे थे। 2 मई 2026 की दोपहर अचानक उनका स्वास्थ्य खराब हो गया। उन्हें जब अस्पताल ले जाया जा रहा था तो रास्ते में ही अंतिम सांसे ली। रीवा हास्पिटल में डॉक्टरों ने परीक्षण के पश्चात मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के पश्चात उनके पार्थिव शरीर को चुरहट तहसील अंतर्गत गृहग्राम मिसिरगवां में आज दोपहर 12:25 बजे लाया गया। उनके गृहग्राम मिसिरगवां में जिला सैनिक कल्याण सीधी का स्टाफ एवं रीवा के भूतपूर्व सैनिक संगठन के सैनिकों ने पहुंचकर पूरे सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कराया। विडम्बना यह थी कि म.प्र. पुलिस विभाग में पदस्थ रहे नंदलाल पटेल के अंतिम संस्कार में पुलिस की ओर से कोई नहीं पहुंचा। यहां तक कि रीवा पुलिस से भी कोई नहीं आया।

किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने किए जा रहे निरंतर प्रयास : डॉ.राजेश

किसान कल्याण वर्ष में नई शुरुआत : कुसमी के पोड़ी में भव्य आयोजन, प्राकृतिक खेती, नवाचार और आत्मनिर्भरता की मिसाल बनीं आदिवासी महिला किसान

नवभारत न्यूज

सीधी 3 मई। जिले की कृषि आधारित अर्थव्यवस्था में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को सशक्त पहचान दिलाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा महिला किसान चौपाल का आयोजन किया गया। मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव के किसान कल्याण वर्ष की परिकल्पना को साकार करते हुए आयोजित इस पहल ने जिले में महिला सशक्तिकरण और कृषि नवाचार को नई दिशा दी है।

जिले की अर्थव्यवस्था मुख्य रूप से कृषि पर आधारित है, जिसमें महिलाओं का योगदान 60 प्रतिशत से भी अधिक है। खेतों में बीज बोने से लेकर फसल कटाई, संरक्षण और विपणन तक महिलाओं की सक्रिय भागीदारी रहती है। इसी भूमिका को सम्मान और पहचान देने के लिए कुसमी विकासखंड के आदिवासी अंचल पोड़ी में यह विशेष चौपाल आयोजित की गई। कार्यक्रम में सांसद डॉ.राजेश मिश्रा एवं विधायक धौंहनी कुंवर सिंह टेकाम द्वारा महिला कृषकों का पुष्पवर्षा कर सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद डॉ.राजेश मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहन देने और कृषि को आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार की योजनाएं अब अंतिम पंक्ति के किसान तक पहुंच रही हैं, जिससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल रही है। महिला किसान चौपाल जैसे आयोजन उन्हें नई जानकारी, आत्मविश्वास और अवसर प्रदान कर रहे हैं, जिससे वे आर्थिक रूप से सशक्त बन सकें।

धौंहनी विधायक कुंवर सिंह टेकाम ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव द्वारा घोषित किसान कल्याण वर्ष प्रदेश के किसानों, विशेषकर महिला कृषकों के लिए नई उम्मीद लेकर आया है। उन्होंने कुसमी क्षेत्र की आदिवासी महिला किसानों की सराहना करते हुए कहा कि वे प्राकृतिक और जैविक खेती में नवाचार कर पूरे जिले के लिए प्रेरणा बन रही हैं। लखपति दीदी जैसे मॉडल महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में आगे बढ़ा रहे हैं। उन्होंने कहा कि महिला किसान चौपाल केवल एक कार्यक्रम नहीं बल्कि महिलाओं को सशक्त बनाने का अभियान है जो उन्हें अपने अधिकारों और अवसरों के प्रति जागरूक कर रहा है। कलेक्टर विकास मिश्रा ने कहा कि कुसमी के दूरस्थ ग्राम पोड़ी में आयोजित यह चौपाल महिला किसानों के लिए एक प्रभावी संवाद मंच साबित हुई। इसके माध्यम से विभिन्न योजनाओं, जैविक खेती, दुग्ध उत्पादन, मत्स्य पालन और बाजार से जुड़ाव जैसे विषयों पर सार्थक चर्चा हुई है। कार्यक्रम के दौरान महिला कृषकों को मूंग के बीज वितरित किए गए तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली महिला किसानों को शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया।

महिला किसान चौपाल में गूंजी खेती की स्वर लहरियां

कार्यक्रम के दौरान महिला कृषक रितु सिंह ने स्थानीय लोकभाषा में प्रेरणादायक गीत प्रस्तुत कर प्राकृतिक खेती का प्रभावी संदेश दिया। उन्होंने गुड़, गोबर, गौमूत्र एवं अन्य प्राकृतिक संसाधनों के उपयोग से शून्य लागत खेती अपनाने तथा रासायनिक उर्वरकों के सीमित उपयोग पर जोर दिया।